# CBSE Class 8 Maths Notes Chapter 13 आलेखों से परिचय

→ आँकड़ों का प्रदर्शन आलेखों के माध्यम से करने पर वे शीघ्र, आसानी से तथा स्पष्टता के साथ समझ में आ जाते हैं।

→ दण्ड आलेख विभिन्न श्रेणियों की तुलना करने के लिए उपयुक्त होता है।

→ वृत्त चित्र या वृत्त आलेख एक सम्पूर्ण के विभिन्न भागों की तुलना करने के लिए उपयुक्त होता है।

→ आयत चित्र, एक दण्ड आलेख जैसा ही होता है। यह लगातार अन्तराल वाले आँकड़ों के लिए उपयुक्त होता है।

→ रेखा आलेख, समय के अन्तरालों के साथ आँकड़ों में परिवर्तन दर्शाता है।

→ रेखा आलेख जो एक पूर्ण अखण्डित रेखा हो, एक रैखिक आलेख कहलाता है।

→ वर्गांकित कागज पर किसी बिन्दु की स्थिति निर्धारित करने के लिए हमें $x$-निर्देशांक तथा $y$-निर्देशांक की आवश्यकता होती है।

→ एक आलेख द्वारा एक स्वतन्त्र चर तथा आश्रित चर में सम्बन्ध प्रदर्शित किया जाता है।

evidyarthi